राजस्थान में कायाकल्प योजना

चर्चा में क्यों?

राजस्थान कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने कायाकल्प योजना **के अंतर्गत 20 सरकारी कॉलेजों** को उनके भवनों और प्रवेश द्वारों के अग्रभाग को नारंगी रंग में रंगने का आदेश दिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य **शैक्षणिक संस्थानों में "सकारात्मक वातावरण"** का निर्माण करना है।

मुख्य बिंदु

- **कायाकल्प योजना:**
  - **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा शुरू की गई कायाकल्प योजना का उद्देश्य भारत में**सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सफाई, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ाना है।**
- **सरकारी कॉलेजों के लिये नए निर्देश:**
  - **प्रथम चरण:** प्रथम चरण में **प्रत्येक संभाग स्तर से दो कॉलेजो को** शामिल किया गया है, इस प्रकार कुल 20 कॉलेज होंगे।
  - **कायाकल्प का उद्देश्य:** आदेश में **छात्रों के लिये "सकारात्मक, स्वच्छ, स्वस्थ और शैक्षिक वातावरण" बनाने पर ज़ोर दिया गया है,** जहाँ वे कॉलेज परिसर में प्रवेश करने पर प्रोत्साहित महसूस करें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kayakalp-scheme-in-rajasthan